THE SLUMS AND JHUGGI-JHOPRI AREAS (BASIC AMENITIES AND CLEARANCE) BILL, 2002

SHRI SURESH PACHOURI (Madhya Pradesh): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the basic minimum amenities of water, electricity, sanitation and health facilities in slums and Jhuggi-Jhopri clusters and for the clearance of such areas in larger public interest and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, I introduce the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI) in the Chair.

THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1998

(to amend the Eighth Schedule) -- contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Now we take up further consideration of the Constitution (Amendment) Bill, 1998 (to amend the Eighth Schedule). Dr. L.M. Singhvi to continue his speech.

डा. लक्ष्मीमल्ल सिंघवी (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, वैसे तो पिछली बार डोगरी भाषा और राजस्थानी भाषा को लेकर जो चर्चा यहां हुई थी, मैंने उसमें भाग लिया था और मुझे अपनी बात कहने का अवसर मिला था किन्तु आज मैं केवल यही बात कहना चाहता हूं कि संविधान बनाते समय 8वीं अनुसूची के विषय में कोई वैज्ञानिक आधार नहीं था, बल्कि आधार यह था कि जनता की मांग क्या है, जनता की इच्छा क्या है, लोगों का कहना क्या है और उसको किस प्रकार संविधान में जगह दी जाए ।

सभापति महोदय, मेरा निवेदन है कि इस बात को जब हम इतिहास के परिप्रेक्ष्य में देखें तो पता चलेगा कि जब संविधान बन रहा था, तब ऐसी स्थिति थी कि अलग-अलग देशी राज्यों का पूरी तरह से प्रतिनिधित्व नहीं था और उस समय वैज्ञानिक आधार पर इस बात की चर्चा भी नहीं हुई । किंतु बात इतिहास की भूलों की नहीं है, बात है हमारी राजनीतिक संवेदना की । इसलिए मेरा निवेदन यह है कि हम जो कमीशन बनाने की बात कर रहे हैं, कहीं ऐसा न हो कि उस बात के बहाने हम इस काम को मुल्तवी करते जाएं और इसे मुल्तवी करने से कहीं अधिक नुकसान न हो जाए ।

सभापति महोदय, मेरा निवेदन यह है कि राजस्थानी भाषा की बड़ी समर्थ परंपरा रही है । जिस भाषा का ऐसा इतिहास रहा हो, जिस भाषा में शौर्य और श्रंगार का ऐसा सम्मिश्रण रहा हो, जिस भाषा में अस्मिता की अभिव्यक्ति के लिए ऐसा अवसर मिला हो, उस भाषा को स्वीकार

महोदय, 1967 से लेकर अब तक कई भाषाएं हमारे संविधान की 8वीं अनुसूची में जोड़ी गईं । जब-जब वे भाषाएं जोड़ी गईं, तब-तब कोई आयोग नहीं बनाया गया, कोई समिति नहीं बनाई गई । महोदय, सिंधी भाषा को जोड़ा गया, कोंकणी को जोड़ा गया, मलयालम को जोड़ा गया, मणिपुरी को जोड़ा गया, नेपाली को जोड़ा गया । जब इन सभी भाषाओं को जोड़ा गया, तब यह प्रश्न नहीं था कि इसके लिए कमीशन बनाइए, तब जाकर यह काम होगा । सच बात तो यह है कि इतने बड़े भूखंड की भाषा और इतनी बड़ी जनसंख्या की भाषा को संविधान में स्थान न देना, एक ऐसी भूल है जिससे कभी भी जन-आंदोलन खड़ा हो सकता है और इससे व्यर्थ ही दोनों पक्षों का आमना-सामना हो सकता है, जिसकी कोई आवश्यकता नहीं है ।

सभापति महोदय, मैं अपनी बात को उपसंहार की ओर ले जाते हुए यह कहना चाहूंगा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने जिस भाषा की प्रशस्ति की, सर आशुतोष मुखर्जी ने जिस भाषा की प्रशस्ति की, जिस भाषा के बारे में सुनीति कुमार चटर्जी ने बार-बार यह कहा है कि इस भाषा की मान्यता होनी ही चाहिए । जिस भाषा के विषय में भाषाविद और दूसरे लोग एकमत हैं कि इस भाषा का विस्तार बहुत है, इस भाषा की गहराई बहुत है, इसका सघन साहित्यिक अविदान बहुत है। अगर इस वक्त यह हो सके तो मेरा यह आग्रह सरकार से है कि कभी तो प्राईवेट मेम्बर के बिल को कुछ जगह दीजिए, कभी तो प्राईवेट मेम्बर की बात सुनिए, कभी तो ऐसा हो कि जो वाजिब बात है उसको आप स्वीकार कर लें या फिर आप स्वयं इसको करना चाहते हैं तो एक समय की अवधि निर्धारित कर दें कि इस समय की अवधि में हम इसको अवश्य कर लेंगे। वैसे तो मेरे ख्याल से इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर आप सिद्धान्तः इसको मानते हैं तो आज ही इसको स्वीकार कर लें और कहें कि हम इसको मान लेते हैं। इसमें कोई फर्क नहीं पड़ता है कि यह प्रस्ताव मंत्री की तरफ से हुआ है या किसी सदस्य की तरफ से हुआ है। विधेयक तो विधेयक है और उस विधेयक को स्वीकार करने में सिद्धान्तः और व्यावहारिक रूप से कोई आपत्ति नहीं है तो मेरा आग्रह है कि इसको स्वीकार किया जाए। अगर इसको स्वीकार नहीं किया जाता है तो कम-से-कम एक ऐसा समय निश्चित कर दें कि उस समय में आप अपनी बात स्पष्ट कर देंगे और तब तक हम प्रतीक्षा करेंगे। क्योंकि मैं नहीं चाहता हूं कि मैं इस विधेयक को वापस लूं या इस विधेयक को वोट के लिए रखा जाए। उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछली बार आपने देखा था और मंत्री महोदय उसके साक्षी हैं कि प्रत्येक सदस्य ने डोगरी और राजस्थानी भाषा की जो मिली-जुली बहस थी, उसका समर्थन किया था। बात केवल मत की नहीं है, बात यही है कि आप इस पर विचार करें और सरकार इस पर संवेदनापूर्वक, सहानुभूतिपूर्वक विचार करके इसको स्वीकार करने का एक स्पष्ट संकेत तो आज अवश्य दे दें। धन्यवाद ●

THE QUESTION WAS PROPOSED

श्रीमती जमना देवी बारूपाल: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस विषय पर बोलना चाहती हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): अभी आप बैठ जाइये। जब आपकी बोलने की बारी आये तब आप बोलना। श्री मूल चन्द मीणा।

श्री मूल चन्द मीणा (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, सदन के सदस्य सिंघवी जी ने जो व्यक्तिगत विधेयक पेश किया है, सदन को सर्व-सम्मति से इसे मंजूरी दे देनी चाहिए। राजस्थानी भाषा को राष्ट्रीय भाषा की आठवीं अनुसूची में जोड़ने के लिए काफी दिनों से मांग

चली आ रही है। भाषा से राष्ट्र की एकता को मजबूती मिलती है। राष्ट्रीय भाषा की सूची में भाषा को रखने से लोगों का सम्मान बढ़ता है, तो सभी लोगों का सम्मान बढ़ाने के लिए, सभी लोग अपनी भाषा को राष्ट्रीय भाषा बनने पर खुश होते हैं, वे इस खुशी को अपने मन के अंदर महसूस करते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए राजस्थानी भाषा को संविधान की अनुसूची में जोड़ दिया जाए। उपसभाध्यक्ष महोदय, राजस्थानी भाषा केवल राजस्थान में नहीं बोली जाती है। यह राजस्थानी भाषा हिन्दुस्तान में तो बोली ही जाती है इसके अलावा दुनिया में भी बोली जाती है। दुनिया का कोई देश ऐसा नहीं है जहां पर राजस्थानी भाषा बोलने वाले लोग नहीं रहते हों। राजस्थानी भाषा अन्तर्राष्ट्रीय भाषा बनने की स्थिति में है, लेकिन दुर्भाग्य है कि जब संविधान बना तो उसमें 14 भाषाएं राष्ट्रीय भाषा घोषित की गईं। उसके बाद संशोधन करके उसमें चार भाषाएं और जोड़ दी गईं, लेकिन राजस्थानी भाषा को उसमें नहीं जोड़ा गया। राजस्थानी भाषा को संविधान की अनुसूची में जोड़ने के लिए राजस्थान में कई बार आंदोलन भी हुए। राजस्थानी भाषा विश्वविद्यालयों में पढ़ाई भी जाती है। राजस्थानी भाषा के कई लेखकों और विद्वानों को पुरस्कृत भी किया गया है। इसलिए एक ऐसी भाषा, जो आम लोगों की बोलचाल की भाषा हो - दूसरे देश के अंदर भी जब कोई राजस्थानी जाता है और उसे वहां कोई राजस्थानी मिल जाता है तो वह उससे राजस्थानी भाषा में ही बात करता है । ऐसी भाषा को अगर राष्ट्रीय भाषा की सूची में जोड़ा जाता है तो उससे राजस्थान के लोगों को तो लाभ होगा ही, लेकिन देश से बाहर रहने वाले लोगों को भी इससे लाभ होगा क्योंकि बाहर रहने वाले व्यापारी भी राजस्थान के लोगों से संपर्क करने में ज्यादातर राजस्थानी भाषा का प्रयोग करते हैं । महोदय, जो भी भाषा हो, जो राष्ट्र की एकता में सहयोगी हो, राष्ट्रीय भावना को बढ़ाने में सहयोग करती हो, ऐसी भाषा को अगर राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया जाता है तो उससे उन लोगों के साथ न्याय होता है, उन लोगों की भावना की कद्र होती है । महोदय, राष्ट्र को तोड़ने का, राष्ट्र को खंडित करने का भाषाओं का काम कभी नहीं रहा है । भाषा सीखने की लालसा, भाषा सीखने का मन हर आदमी का होता है कि मैं इस भाषा को सीख लूं । आप हिन्दुस्तान के अंदर ही देख लें । हम हिन्दीभाषी हैं, अंग्रेजी भाषा हमारे बीच में आयी है । आज हमारे कई विद्वान जो हिन्दीभाषी हैं, वे गांव में हिन्दी बोलते हैं लेकिन यहां पार्लियामेंट के अंदर अंग्रेजी बोलते हैं । वे लोग सीखते हैं और इससे राष्ट्र की भावना को कोई ठेस नहीं पहुंची, राष्ट्रीयता को कोई नुकसान नहीं हुआ । जब इससे राष्ट्रीयता को नुकसान नहीं होता, राष्ट्रीयता को एक करने में मजबूती मिलती है और ऐसी राजस्थानी भाषा को यदि राष्ट्रीय भाषा की सूची में जोड़ दिया जाता है तो इससे राजस्थान के लोगों का भी भला होगा और राजस्थान के लोगों की भावनाओं की भी कद्र होगी कि हमारी भाषा को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया गया है । यही मैं आपसे कहना चाहता हूं । धन्यवाद

श्रीमती जमनादेवी बारुपाल : राजस्थानी भाषा को दस करोड़ से भी अधिक लोग बोलते हैं। दिल्ली साहित्य वालों ने भी इसे मान्यता दे दी है । इसके अतिरिक्त तीन विश्वविद्यालयों में भी राजस्थानी भाषा पढ़ायी जाती है । इसलिए मैं आपकी बात का समर्थन करती हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आपका नाम लिखा हुआ है, आप तब बोलिएगा ।

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) : धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय डा0 सिंघवी के इस प्रस्ताव पर गत सप्ताह भी हम लोग यहां पर चर्चा करने की मनःस्थिति में थे, परिस्थिति में थे । हम लोग डोगरी पर बोल रहे थे और जब आसंदी से मेरा नाम पुकारा गया तो मैंने उसमें जिक्र

किया था कि मैं डोगरी और राजस्थानी के संधिस्थल पर खड़ा होकर बात कर रहा हूं क्योंकि पहले डोगरी का प्रस्ताव आया था और उसके बाद ही इस प्रस्ताव को लेना था । मैं अपनी खुशकिस्मती मानता हूं कि इस प्रस्ताव पर बोलने के लिए आपने मुझे भी समय दिया । राजस्थानी के बारे में बात करते समय एक गर्व जो मन में महसूस होता है, उससे मैं स्वयं को सराबोर पाता हूं । माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय राजस्थानी के मूल में यदि हम जाएंगे तो हम पाते हैं कि डिंगल से प्रायः भाषाशास्त्री इसकी शुरुआत मानते हैं । यह भाषा पहले डिंगल थी और चन्दबरदाई से एक परम्परा शुरू होती है । आज राजस्थानी बोलने वाले परिवारों का या राजस्थानी बोलने वाली जनसंख्या का अगर हम आकलन करें तो कई करोड़ से इसकी तुलना हो सकती है, पांच, सात या आठ करोड़ तक आप इसको ले जा सकते हैं, जहां तक यह भाषा बोली जाती है - इसके विभिन्न रूप हो सकते हैं लेकिन राजस्थानी बोली जाती है । अगर लिखी जाती है तो उसकी लिपि देवनागरी है । इसके अतिरिक्त लोग जो एक डर कभी-कभी मन में पैदा कर देते हैं कि इससे हिन्दी को नुकसान होगा, राष्ट्रभाषा को नुकसान होगा तो यह चीज़ गत सप्ताह इसी वार्ता के दौरान स्पष्ट हो चुकी थी कि राजभाषा या राष्ट्रभाषा को इससे कोई नुकसान होने वाला नहीं है, उल्टा हम पाएंगे कि हिन्दी इससे समृद्ध होगी । महोदय, छोटे-छोटे क्षेत्रों में राजस्थानी के कई रूप हैं लेकिन कुल मिलाकर राजस्थानी राजस्थानी ही कही जाती है और इसकी एक विशेषता है-जैसा अभी मूलचन्द मीणा और उनसे पहले डा0 सिंघवी चर्चा कर रहे थे-राजस्थानी परिवार कहीं भी रहेगा, संसार के किसी भी देश में रहेगा, वह घर में अपनी भाषा राजस्थानी ही बोलता है। उसकी दूसरी भाषा जो राजस्थानी के बाद शुरू होती है, वह हिंदी है और तीसरी भाषा फिर वहां की भाषा हो सकती है, अंग्रेज़ी हो सकती है या उस देश की भाषा हो सकती है । अपने गर्व को, अपने गौरव को, अपनी महिमा को लेकर, अपनी महत्ता को लेकर करोड़ों परिवार सारे संसार में फैलकर इतना महिमामंडित करके अपनी मातृभाषा को बचाकर रखते हैं । डेढ़-दो सौ या तीन सौ सालों से वे परिवार उन प्रदेशों में रहते हैं, व्यापार करते हैं लेकिन उन्होंने अपनी भाषा नहीं छोड़ी । इसके बदले में वे हमसे मांगते क्या हैं ? मांगते सिर्फ एक चीज़ हैं कि उनके गौरव को हम संविधान में भी सम्मानपूर्वक अंकित कर दें, आठवीं अनुसूची में हम कहीं न कहीं उसको स्थान दे दें और इस बात से उनको आश्वस्त कर दें कि जितना ध्यान आप अपनी भाषा का रखते हो, उतना ही ध्यान यह देश और संविधान भी आपकी भाषा का रखता है । गृह मंत्री महोदय ने गत सप्ताह जो बयान दिया था, उसमें ठीक ही कहा था । उसमें उन्होंने एक डर जैसी स्थिति पैदा कर दी थी, हालांकि उन्होंने आश्वस्त करने की कोशिश की थी । डर यह बता दिया था कि इस तरह से 32 भाषाओं के बारे में ज्ञापन और पड़ा है। जिन पर आपको विचार करना होगा। यह छोटा काम नहीं है, यह बड़ा काम है और उसके मापदंड अभी तय नहीं हुए हैं कि उसका आप कौन सा आधार लेंगे, कौन विशेषज्ञ बैठेंगे जिससे इन 32 भाषाओं के साथ भी इंसाफ हो सके । तब डोगरी और राजस्थानी के संदर्भ में हम चर्चा कर रहे थे । मैं नहीं जानता कि उसमें वे लोग क्या फैसला करेंगे लेकिन किसी न किसी मोटे निर्णय पर तो आपको पहुंचना ही पड़ेगा । आप भूगोल को आधार न बनाएं तो इतिहास को बनाएं, इतिहास को आधार न बनाएं तो संस्कृति को बनाएं, संस्कृति को आधार न बनाएं तो उसकी व्याप्ति को बनाएं, व्याप्ति को अगर आप आधार नहीं बना सकते हो तो फिर आप कौन सी कसौटियां उसकी तय करेंगे, यह अभी तक देश के सामने स्पष्ट नहीं है । जहां तक संख्या का प्रश्न है, बहुत कम तादाद में बोली जाने वाली भाषाओं को भी हमने इसमें शामिल किया है । मैं किसी दूसरी भाषा का उल्लेख नहीं करना चाहता क्योंकि कोई भी भाषा छोटी नहीं है । हर भाषा अपनी जगह बड़ी होती है और

भारतवर्ष की क्षमता, ऊर्जा और संस्कृति में हर भाषा का पूरा महत्व है । तो मेरा आपसे एक निवेदन है । एक छोटा सा उदाहरण मैं देना चाहता हूं । यदि राजस्थान स्वतंत्र देश होता, भारत का हिस्सा न होकर एक स्वतंत्र राष्ट्र होता तो राजस्थान के एक बहुत बड़े कवि जो कलकत्ता में बैठे हुए हैं, श्री कन्हैया लाल सेठिया, उनका एक गीत आज गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले में गाया जाता है "धरती धोरयां री", वह गीत वहां का राष्ट्रगीत हो गया होता । यदि चन्दबरदाई से लेकर हम कल्याण सिंह राजावत तक चले आएं, रघुराज सिंह हाड़ा तक चले आएं, मेघराज मुकुल तक चले आएं, मैं पचास कवियों के नाम ले सकता हूं और इस सदन की जो सदस्या हैं, हमारी बहन श्रीमती सरला माहेश्वरी, उनके पूज्य पिताजी का यदि मैं नाम लूं जो कि हिंदी और राजस्थानी के एक बहुत बड़े कवि हैं, श्री हरीश भादानी, यदि मैं उन तक इस परंपरा को लेकर आऊं तो आप पाएंगे कि राजस्थानी में विपुल साहित्य की रचना हुई है । राजस्थानी किसी भी तरह से विपन्न नहीं है । राजस्थानी किसी भी विधा में कमजोर नहीं है । आपको उसमें नाटक मिलेंगे, आलोचना मिलेगी, गद्य मिलेगा, पद्य मिलेगा, चंपू मिलेगा, हर चीज, हर विधा में उसका साहित्य सृजन हो रहा है । तो मैं आपसे यह आग्रह करना चाहता हूं कि इतना विपद क्षेत्र यदि इस भाषा का है तो संसद के इस सदन को और समूची संसद को बहुत गंभीरता से इसके साथ न्याय करने का एक संकल्प लेना चाहिए । जैसा कि हम देखते आ रहे हैं, लंबे समय से यह परपरा है कि सरकार एक आश्वासन लेकर आती है और फिर हम कहते हैं कि ठीक है, आप इस आश्वासन की पूर्ति कर दीजिए । हमारे माननीय सदस्य श्री लक्ष्मीमल्ल सिंघवी जी ने पूरे तर्कों के साथ राजस्थानी भाषा को अनुवर्ती सूची में लेने के लिए संकल्प लिया है, लेकिन मैं अपनी बात को फिर से दोहरा रहा हूं कि यदि श्री अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई वाली सरकार में भी इन भाषाओं को संविधान में सम्मानजनक स्थान पाने का संकल्प सिद्ध नहीं होता है या सफल नहीं होता है तो फिर आप किसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं ? यह देश आखिर किसकी प्रतीक्षा कर रहा है? सदन में आप संकल्प को वापस लेने की बात करते हैं । माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं चूंकि मध्य प्रदेश राजस्थान से लगा हुआ है, मेरा जिला जहां खत्म होता है वहां से 13 किलोमीटर दूर से राजस्थान शुरू हो जाता है । मैं कह सकता हूं कि आम चुनावों में, बड़े चुनाव हों या छोटे चुनाव हों या पंचायत के चुनाव हों, राजस्थान की सरकार और लोकसभा के गठन में राजस्थानी भाषा का भाषणों में पूरा उपयोग किया जाता है और उसमें वोट मांगे जाते हैं, ऐसा नहीं है कि नहीं मांगे जाते हैं। जब भाषा पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के चुनाव में हमारी सहायता करती है, जिसके पास अपना व्याकरण है, हां यदि राजस्थानी के पास अपना व्याकरण नहीं होता तो हमारा तर्क कमजोर पड़ जाता लेकिन जिसके पास अपना व्याकरण हो और जो हिन्दी की समृद्धि के लिए अपनी लिपि सहित सारा अनुष्ठान लेकर बैठी हुई हो, उस भाषा के साथ इंसाफ होना चाहिए। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि वह इस पर पुनर्विचार करे, इसके लिए विवश नहीं करे कि आप इस संकल्प को वापस ले लीजिए। आप वचन दीजिएगा, वादा कीजिएगा, अपने वचन को किसी तरह से भी कमजोर मत होने दीजिएगा और अपनी सरकार से कहिएगा कि सारा सदन इस मामले में एकमत है इसलिए इन भाषाओं के साथ पूरा न्याय होना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं डा. सिंघवी के इस संकल्प का समर्थन करता हूं और सरकार से आग्रह करता हूं कि आप जिस किसी भी कमेटी को इसे देना चाहें, कृपा करके उसके लिए एक समय सीमा निर्धारित कर दीजिएगा कि इतने समय के भीतर आप उससे रिपोर्ट ले लेंगे और इनके साथ इंसाफ कर देंगे।

युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (सुश्री उमा भारती) : कविता के बगैर भाषण कम्पलीट मत कीजिए।

श्री बालकवि बैरागी : यह राजस्थानी का मामला है और मैं जानता हूं कि आप राजस्थानी नहीं समझ पाएंगे।

सुश्री उमा भारती : समझ जाएंगे। मारवाड़ और राजस्थान बॉर्डर पर है।

श्री मूल चन्द मीणा : उमा भारती जी समझ जाएं तो इसे मान्यता दिलवा दीजिएगा।

श्री बालकवि बैरागी : उमा जी ने कहा इसलिए एक दोहा, जो मेरा नहीं है, महाकवि कन्हैया लाल सेठिया का है, उसे पढ़ता हूं और जिसने भी कहा है अगर वे इस दोहे को समझ लेंगे तो मुझे बड़ी खुशी होगी।

रेल मंत्री (श्री नीतीश कुमार) : अगर समझ नहीं पाएं तो समझा दीजिएगा।

श्री बालकवि बैरागी : मैं समझा देता हूं, व्याख्या भी कर देता हूं। मुझे इस बात की खुशी है कि मैं महाकवि कन्हैया लाल सेठिया का दोहा पढ़ रहा हूं। मां को हमने ईश्वर क्यों माना है? मां को ईश्वर क्यों माना जाता है? हमारे यहां एक प्रचलित बात है कि ईश्वर हम सब के साथ सशरीर रहना चाहता था किन्तु ऐसा नहीं हो सका इसलिए उसने मां को बना दिया। इस देश में यह सिलसिला चला हुआ है कि हम ईश्वर को मां मानते हैं, और मां को ईश्वर मानते हैं। आप सब मानते हैं, हम सब मानते हैं, इसलिए आपसे निवेदन कर रहा हूं, कन्हैया लाल सेठिया जी ने इसे सिद्ध किया है, राजस्थानी में है, यह मेरा नहीं हे, उनका दोहा है। इसमें एक-एक शब्द है। अगर मेरे जैसा कवि लिखता तो फूहड़ हो जाता लेकिन जब कोई महाकवि लिखता है तो वह आराध्य की तरह हो जाता है। वह ईश्वर से जुड़ा है। गणित को जड़ माना जाता है क्योंकि गणित में डिसिप्लीन है। गणित में दो और चार होते हैं इसलिए ईश्वर का अगणित माना जाता है। महाकवि लिखते हैं, कती दाँण बोबो दियो, ईश्वर अगणित क्यों है और गणित जड़ क्यों है? गणित में दो और चार होंगे, आप ईश्वर को गिनती से नहीं जोड़ सकते, महाकवि कन्हैया लाल सेठिया लिखते हैं, कती दाँण बोबो दिया, मां कद राखे याद। मां यह कभी गिनती नहीं करती कि उसने बेटे को कितनी बार स्तनपान कराया। अगर मां गिनती करती तो बच्चा मर जाता या बच्चे का जीवन जीना मुश्किल हो जाता। "कती दाँण बोबो दियो, मां कद राखे याद, गिणती में पड़ भूल ग्यो मन अणगिण रो स्वाद।" जब मनुष्य गिनती के चक्कर में पड़ गया तो अनगिनती का स्वाद भूल गया। अगर वह गिनती में नहीं पड़ता, इस सदन में इन महाकवि के साथ न्याय होना चाहिए ...(व्यवधान)...

श्री मूल चन्द मीणा : न्याय करवा दें।

श्री बालकवि बैरागी : कती दाँण बोबो दिया, मां कद राखे याद। गिणती मेंपड़ भूल गयों, मन अणगिण रो स्वाद। बेटा या बेटी जब मां से कहने लग जाए कि तुने मेरे लिए क्या किया, कितना किया तो वह इश्वर को भूल जाता है। यह दोहा महाकवि कन्हैया लाल सेठिया का है और मैं सिंघवी जी के संकल्प के नीचे इस दोहे को नहीं रखना चाहता, उससे ऊपर रखना चाहता हूं। यह एक महाकवि कादोहा है, एक बड़ा कवि संकल्प कर रहा है। इन्ही शब्दों के साथ मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि कृपा करके हमारी बात को आगे तक पहुंचाएं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : यह विधेयक है, संकल्प नहीं है। The House is adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House re-assembled after lunch at five minutes past two of the clock,

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI) in the Chair.

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मैं आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने इस विषय पर मुझे बोलने की अनुमति दी । मान्यवर, इस देश में भाषा एक बहुत ही संवेदनशील विषय हो गया । उसका मूल कारण यह था कि 1965-66 में मैं समझता हूं कि कुछ जो हिन्दी प्रेमी थी उन्होंने अपने पागलपन में जिस प्रकार का अभियान चलाया उससे एक हॉस्टिलिटी साउथ में हिन्दी के प्रति पैदा हो गई और उसके कारण ही तमिलनाडु बना, उसके बाद तेलुगुदेशम बना, अर्थात् भाषा इस देश को टुकड़ों में बांटने का साधन सा बन गया । राजस्थानी लैंग्वेज बहुत समृद्ध है और बहुत योग्य भाषा है, इसका मैं विरोध नहीं करता । परन्तु आठवें शैड्यूल में आने के लिए जैसा मंत्री जी ने बताया 33 भाषायें लाइन लगाए खड़ी हैं । प्रश्न उठता है कि किस प्रकार से इनको लिया जाए या नहीं लिया जाए । मेरा बहुत स्पष्ट मत है कि इस मामले को एक गवर्नमेंट के हाथ में छोड़ना मुनासिब नहीं होगा । सभी दलों को एक साथ बैठ करके निर्णय लेना होगा, पैरामीटर्ज़ बनाने होंगे कि कौन सी भाषा आठवें शैड्यूल में लाने योग्य है और उन पैरामीटर्ज़ में यह देखना पड़ेगा कि क्या वह भाषा अपने इलाके में बच्चों को कम से कम इंटरमीडिएट तक ऑर्ट, कॉमर्स और साईंस में शिक्षा प्रदान करने के लिए सक्षम है या नहीं । इसके अतिरिक्त उसे यह भी देखना पड़ेगा कि उस भाषा का जो लिटरेचर है वह कितना समृद्ध है, क्वालिटेटिव्ली में और क्वांटिटेटिव्ली भी, साथ ही वह कितने जोगरफीकल रिजन को कवर करती है । और फिर कितने पॉपुलेशन में वह व्याप्त है । इसके अतिरिक्त भाषाविदों को बुला करके और जो भी पैरामीटर्स आठवें शैड्यूल में लाने योग्य बनाते हैं किसी भाषा को, उनके लिए उनकी राय लेना भी आवश्यक होगी । इस देश में थी लैंग्वेज फॉर्मूला बहुत पहले से चला आ रहा है । आज तक वह क्रियान्वित क्यों नहीं हो पाया, यह बड़ा भारी दुर्भाग्य है । मैं समझता हूं कि इसमें भी हमारे सारे दलों को एक साथ इकट्ठा होना पड़ेगा और प्रत्येक प्रदेश को मजबूर करना पड़ेगा कि वह कोई तीसरी भाषा अपनाए । उसको कैसे क्रियान्वित करायेंगे, उसका बहुत ही सीधा-सादा एक फॉर्मूला बन सकता है, जैसे उत्तर प्रदेश को कह दिया कि आप तमिल, तीसरी भाषा अपने यहां हाई स्कूल लेवल तक पढ़ायेंगे, बिहार को कह दिया तेलुगु, उत्तरी राज्यों में दक्षिण की भाषाएं और दक्षिणी राज्यों में हिन्दी ही काफी होगी और फिर उन स्टेट्स के जो पब्लिक सर्विस कमीशंज़ के एग्ज़ामिनेशंज़ हैं या यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन है, उसके लिए बाध्य कर दिया जाए, अनिवार्य कर दिया जाए, जैसे प्रथम वर्ष में यूपी के लोगों को अगर तमिल भाषा अलाट हुई है तो जो भी बैठेगा उसको जो तमिल का पहले दर्जे का सिलेबस है, उस सिलेबस के आधार पर एक पेपर सैट होगा और उसमें पास होना अनिवार्य होगा । अगले साल दर्जा दो तक का जो सिलेबस है वह लागू होगा । धीरे-धीरे करके दस साल में तमिल में यूपी के लोगों को दसवीं के दर्जे की जो तमिल है उसमें योग्यता लानी पड़ेगी । इस तरह से हर प्रदेश में अगर एक भाषा निर्धारित की जाए और पब्लिक सर्विस कमीशन के जो भी

इम्तहान होते हैं स्टेट्स या सेंटर में, उन में एक पेपर अनिवार्य रूप से सेट कर दिया जाए । उस में जब तक कैंडीडेट पास नहीं होगा तो वह क्वालीफाइ नहीं करेगा, ऐसा प्रावधान कर दिया जाए । इस तरह मेरे ख्याल में अगले 10 वर्ष में हम थ्री लेंग्वेज फॉर्मूला बहुत आसानी से पूरे राष्ट्र में चला सकेंगे । साउथ इंडिया में भी इसी प्रकार से दसवीं क्लास तक की हिंदी में प्रोफिसिएसी लानी पड़ेगी । इस तरह से एक बहुत स्वस्थ और अच्छा वातावरण निर्मित होगा और पूरे देश में आज जो भाषा की समस्या चल रही है, उस समस्या का निदान हो सकता है । इस तरह के जब पैरामीटर्स बन जाएंगे तब किसी भी भाषा को आठवीं अनुसूची में लाते वक्त एक्जामिन करना पड़ेगा और उन पैरामीटर्स में जो भी भाषा सफल होती है, उस को आठवीं अनुसूची में लाने में सभी दल एक तरह से यूनानिमसली एक्सेप्ट करने में कोई दिक्कत महसूस नहीं करेंगे अन्यथा जिस भाषा को आठवीं अनुसूची में नहीं लाएंगे, उस इलाके के लोगों के मन में एक हीनता की भावना पैदा होगी । उन को लगेगा कि हम जैसे भारत को बिलांग ही नहीं करते, जैसे कि भारत उन का देश नहीं है । तो यह जो फीलिंग है, पनपने देना बहुत ही खतरनाक होगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि इस मामले में एक पक्की नीति जितनी शीघ्रता से निर्धारित कर सर्वदलीय बैठक बुलाकर और सभी दल एक निर्णय लेंगे तो इस समस्या का समाधान संभव हो सकता है । धन्यवाद।

डा0 कुमकुम राय (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आप की बहुत आभारी हूं कि इस महत्वपूर्ण विषय पर आप ने बोलने का मुझे मौका दिया ।

राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में लाने हेतु यह जो प्रस्ताव आया है, इस पर अपने विचार व्यक्त करने के पहले मैं इस उच्च सदन का ध्यान आधुनिक हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कुछ पंक्तियों की तरफ दिलाना चाहूंगी । उन्होंने कहा कि, "निज भाषा उन्नति होए, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को शूल ।" महोदय, हालांकि उस समय हिंदुस्तान गुलाम था, अंग्रेजों की हुकूमत थी और अंग्रेजी का वर्चस्व था, ऐसे समय जब उन्होंने निज भाषा की उन्नति पर जोर दिया था तो निज भाषा से उन का तात्पर्य मातृभाषा से था । महोदय, जैसा कि मैं समझती हूं मातृभाषा वह भाषा है जिस में शिशु मां की गोद में दुनियावी तमाम जानकारियों को हासिल करता है, वही भाषा मातृभाषा होती है । इसलिए भारतेन्दु जी ने जब निज भाषा में कामकाज करने, निज भाषा की उन्नति पर जोर दिया था, उस के करीब सौ सालों के बाद आज भी संविधान की आठवीं अनुसूची में जिन-जिन क्षेत्रीय भाषाओं को मान्यता मिली हुई है बावजूद इस के उन क्षेत्रीय भाषाओं में, उन राज्य विशेष में भी कितना सरकारी कामकाज होता है ? क्या वे अनुसूची में शामिल उन भाषाओं में जो भाषाएं हैं, क्या उन को हम ने अपनी संपर्क भाषा के रूप में भी इस्तेमाल किया है । यह अपने आप में एक सर्वेक्षण का विषय है । मुझे यह कहने में कतई संकोच नहीं है कि इस विशाल हिन्दुस्तान की एक अरब से ज्यादा की आबादी, हिन्दी राजभाषा राष्ट्रभाषा होने के बावजूद, सभी प्रदेशों में सब की अपनी अपनी मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा और लंबा-चौड़ा इतिहास, समृद्ध साहित्य, साहित्यकारों की एक समृद्ध श्रृंखला, अपना प्राचीनतम इतिहास होने के बावजूद अंग्रेजी का जो वर्चस्व है, अंग्रेजी की जो दादागीरी है, उसके कारण हिन्दुस्तान की तमाम क्षेत्रीय भाषाओं का समुचित विकास नहीं हो पाया है । आप सब इस बात से सहमत होंगे कि भाषा भावना और विचारों की अभिव्यक्ति का साधन है और व्यक्ति जिस भाषा में सोचता है उसी भाषा में यदि वह अपने भावों को अभिव्यक्त करे तो उसे जितनी सफलता मिलेगी, उतनी सफलता सोची हुई भाषा

से दूसरी भाषा में अनुवादित कर फिर उसे अभिव्यक्त करने में नहीं मिलेगी क्योंकि हम सोचते हैं अपनी मातृभाषा में और फिर हमारा मस्तिष्क शीघ्रता से उसे अनुवाद करता है अंग्रेजी में और तब हम अंग्रेजी में बोलते हैं । यही कारण है कि आज भी अनेक समस्याओं की जड़ में हिन्दुस्तान की यह भाषा नीति है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज भले ही राजस्थानी भाषा को संविधान में मान्यता दिलाने के लिए यह बात प्राइवेट बिल के रूप में आई हो, लेकिन इसकी अपनी समृद्ध परंपरा है । मीरा के भजन घर घर में गाए और गुनगुनाए जाते हैं । राजस्थानी भाषा का अपना समृद्ध साहित्य, समृद्ध साहित्यकार, समृद्ध व्याकरण है और इसलिए किसी भी दृष्टिकोण से यह अयोग्य नहीं लगता कि इसे संविधान की अनुसूची में स्थान न मिले । आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त भाषाओं में बोलने वाले, पढ़ने वाले और लिखने वाले तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में जब अपना उत्तर लिखते हैं तो उनकी भाषाओं के आधार पर उनके परीक्षकों की भी नियुक्तियां होती हैं । बीच में, कुछ वर्ष पहले एक विवाद सामने आया था कि एक खास आंचलिक भाषा, जिसको मान्यता प्राप्त हुई, उसमें छात्रों ने राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं में लिखकर प्रतियोगिता में अच्छे स्थान प्राप्त किए थे ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सदन के माननीय सदस्यों का ध्यान इस बात की ओर भी दिलाना चाहती हूँ कि साक्षरता का संबंध भाषा है । हमने बड़े गौरव से कहा था कि हिन्दुस्तान में केरल और केरल में अर्णाकुलम में लोग शत-प्रतिशत साक्षर हुए । लेकिन, साक्षर किस भाषा में हुए? किस भाषा में साक्षरता का अंक शत-प्रतिशत अंक कर सके? इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है । इसलिए मैं इस बात पर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगी कि हम साक्षरता की दर को देखकर के चिंतित होते हैं और साक्षरता के तमाम अभियान, कार्यक्रम और योजनाएं साल-दर-साल बनाते हैं, लेकिन साथ ही साथ यदि हम उस इलाके, उस अंचल, उस क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषाओं में साक्षरता के लिए वैसी किताबों का प्रकाशन करें तो मेरा विश्वास है कि साक्षरता की जो दर आज आपकी है वह भी आने वाले भविष्य में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करेगी । इसलिए मेरा कहना है कि राजस्थानी भाषा संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल हो । सिंहल साहब ने अभी बहुत अच्छी बात कही कि इसके लिए एक निश्चित मापदंड बनाए जाएं कि क्या उस भाषा में इंटरमीडिएट तक की भी शिक्षा दी जा सकती है, साइंस, आर्ट्स और कामर्स की किताबें उपलब्ध हैं, उच्च तकनीक की किताबें उपलब्ध हैं, इंजीनियरिंग और मेडिकल की किताबें उपलब्ध हैं और यदि नहीं है तो यह कहा जा सकता है कि इतनी निश्चित अवधि तक यदि यह भाषा सारी शर्तें पूरी कर लेती है तो उस पर विचार होगा । मैं सिंहल साहब के इस विचार से भी अपनी सहमति व्यक्त करना चाहती हूं कि भाषा दिलों को जोड़ने का माध्यम बने, दिलों को तोड़ने का माध्यम न बने । किसी भी गलत आन्दोलन के लिए यह हथियार और औजार के रूप में काम में न लाई जा सके । इसके लिए सरकार को एक निश्चित भाषा नीति बनानी चाहिए और उसके कार्यान्वयन के लिए जो सख्त कदम आवश्यक हों, वे उठाए जाने चाहिए ।

महोदय, कुछ वर्ष पहले त्रिभाषा फार्मूला लागू किया गया, जिसके तहत दक्षिण की कुछ भाषाएं स्कूल स्तर पर उत्तर के कुछ राज्यों में अनिवार्य की गई थीं और उत्तर की कुछ भाषाएं दक्षिण के राज्यों में अनिवार्य की गई थीं, लेकिन इच्छाशक्ति के अभाव के कारण यह त्रिभाषा फार्मूला सफल नहीं हो सका और इसे विदड्रा कर लिया गया ।

इसलिए, उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इन सारे बिन्दुओं की तरफ आकर्षित करते हुए अनुरोध करना चाहती हूं कि हमें इस विषय पर बहुत गंभीरता से मनन् करना होगा और मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगी कि वह एक सख्त भाषा-नीति बनाए । हिन्दुस्तान की एकता और अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए भाषा को एक साधन के रूप में हम इस्तेमाल कैसे करें, इस पर हमारी नीति बने और सिर्फ नीति ही न बने बल्कि उसका सख्ती से पालन भी किया जाए ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं राजस्थानी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने संबंधी इस विधेयक का समर्थन करती हूं ।

DR. T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh): Sir, on a perusal of the Bill moved by Dr. Singhvi, for amending the Constitution to include Rajasthani language in the Eighth Schedule, I was somewhat surprised. When there are already eighteen languages in the Schedule, how could Rajasthani language miss it, all these days, is a big mystery. It is a six crore-populated State. People of Rajasthan are found all over the world. It is a State with a great cultural heritage, with a great literary value. So many States have included their mother tongue in the Eighth Schedule. But it is surprising to know how this Rajasthani language has not found its place in the Eighth Schedule.

Though the three-language-formula was not officially agreed to, a lot of debate went on. But you will have to accept it in today's practice. The three-language-formula is being followed. Take the example of Orissa. In Orissa, everybody speaks Oriya, Hindi and English, which, of course, is common. Take another example of West Bengal, where Bengali, Hindi and English are spoken. Like that, there are a number of States. In almost all States, the regional language along with Hindi and English are spoken. But some people always speak of only Hindi, हिन्दी होनी चाहिए, लोकल लैंग्वेज होनी चाहिए, इंग्लिश नहीं होनी चाहिए । That is wrong. If you leave India, if you don't know English and if you want a glass of water, you will have to gesture. Otherwise, nothing will move. There is modern technology now. Science has improved tremendously in the international level. With the present modernisation and advancement in scientific research, medicine and other fields, you can't dream to achieve at the international level. Unless you know the international language, you can't expect the country to achieve in the above mentioned fields. Therefore, it is very nice that there are three languages. English and Hindi languages are already there everywhere. Now, the question is, the hon. Minister has said that thirty-three languages are in queue. Therefore, देखेंगे, सोचेंगे That is not correct. How can you equate those thirty-three languages with Rajasthani language? It is not

correct at all because they may miss a number of languages. In some States there may be eight languages. There may be tribal and other languages. They cannot be equated. There should be a system whereby we can equate a language by looking at how many people are speaking, how much population contained in that State and also how much population in India are appreciating the system. All these points have to be taken into consideration. Therefore, I strongly feel that Rajasthani language should be included. Sir, Rajasthan is not only a historical State, it is a State not only contributing to the industrial growth in India, but also in the world. We feel proud when a person born in Rajasthani is found in various parts of the world doing business. That is their luck. So, a State, which is contributing its might to the industrial growth of the country, a State which is having six crores of population, a State which has historical significance, I am surprised to know that you are not including the language of that State in the Eighth Schedule! I am also surprised to know that in Rajasthan everybody speaks Rajasthani language, besides Hindi. Therefore, even if you look at the issue from that angle, it is laudable.

If you look at it from the literary angle, you will find that Sahitya Akademy recognised Rajasthani language. Therefore, after looking from all these angles, I request the hon. Minister not to link this language with other thirty-three languages. The next point is that you have to consider the wishes of the so many crores of people.

The next point is the hon. Minister has to examine thoroughly the issue. You take, for example, West Bengal. How have you included the Bengali language in the Eighth Schedule? You have included Oriya. Of course, I do not want to go to South, because we always go with one regional language and English. Hindi is not there. At least, if you look at the Hindi-speaking States -- North, East and West -- you will find Hindi everywhere, apart from the regional language. This argument itself is enough to include Rajasthani language in the Eighth Schedule of the Constitution. Therefore, I entirely agree with Dr. Singhvi. It is a very good idea that he moved this Bill to include Rajasthani language in the Eighth Schedule. Therefore, I strongly support it. If you debate it from any angle, it is justifiable, laudable, appreciable and commendable. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Shrimati Jamana Devi Barupal -- absent.

(THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANGH PRIYA GAUTAM) IN THE CHAIR)

डा. फागुनी राम (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया । महोदय, राजस्थान का इतिहास बड़ा गौरवशाली रहा है । हम जब उसके इतिहास में जाते हैं तो हमारा सिर गौरव से ऊंचा हो जाता है । जब यहां के लोगों पर कठिनाइयां आ रही थीं, तो महाराणा प्रताप ने बड़ी वीरता से उनका मुकाबला किया था । इसलिए महाराणा प्रताप का नाम लेने से हमारा सिर गौरव से ऊंचा हो जाता है और हम में आत्मबल भर जाता है ।

महोदय, राजस्थान में कुछ ऐसी चीजें हैं जो दूसरी जगह नहीं मिलतीं जैसे संगमरमर की चीजें, मूर्तियों की नक्काशी, बहुमूल्य पत्थर और उनकी नक्काशी और उन्हें तराशने की कला राजस्थानी कपड़ा, लहंगा और चुनरी । आज भी विदेशों में इन चीजों का महत्व है । हम जब अनेक जगहों पर जाते हैं तो यह देखते हैं कि सभी तरह के काम करने के लिए, कारीगरी का काम करने के लिए, घरेलू काम करने के लिए, फील्ड में काम करने के लिए, मिट्टी का काम करने के लिए, घर बनाने का काम करने के लिए, नक्काशी का काम करने के लिए, राजस्थानी कामगार मिल जाते हैं । वे लोग न हिन्दी जानते हैं, न अंग्रेजी जानते हैं, वे तो अपनी स्थानीय भाषा ही बोलते हैं । इसलिए हमें उनके हृदय की भावना को समझना चाहिए, जो हमारा निर्माण का काम करते हैं, जो हमारी प्रतिष्ठा बनाते हों, उनकी भाषा को नहीं समझने से हमें कठिनाई होती है । ऐसा लगता है कि इसी भारत के लोग केवल भाषा के नहीं जानने के चलते, हम लोगों को लगता है कि ये दूसरे हैं। अगर ये अपनी भाषा जान गये तो हमें अपनापन का एक माहौल मिल जायेगा। यह ठीक है कि हमारे देश में विभिन्नता में एकता है। यह देश इतना बढ़िया है, इतना समझदार है, ऐसा गौरवशाली है कि जहां पर तरह तरह के रीति-रिवाज हैं, तरह-तरह की वेश-भूषा है, तरह-तरह के आचार-विचार हैं, संस्कार हैं, संस्कृति है और भाषा का आदान-प्रदान भी है। हमारे यहां अनेकता में एकता है। हमारे यहां छह करोड़ राजस्थानी लोग हैं, वे बड़ी मीठी भाषा बोलते हैं, जब मगही का हो सकता है, जब भोजपुरी का हो सकता है, जब तमिल-तेलुगू का हो सकता है, जब पंजाबी भाषा का हो सकता है, तब हम समझते हैं कि राजस्थानी को भी आठवीं सूची में डाल देना चाहिए। यह राजस्थानी भाषा स्नेह को बढ़ाने वाली है। इस काम के लिए मैं बड़े भाई माननीय सिंघवी साहब के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और उन्हें बधाई देता हूं कि वे बहुत जरूरी विधेयक लेकर आये हैं। यह विधेयक तो बहुत पहले आ जाना चाहिए था। इस विधेयक को वे यहां पर लाये, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

भाषा हमारी अभिव्यक्ति का साधन है। क्योंकि जब कोई भाषा बोली जाती है तो उससे पता चलता है कि यह व्यक्ति कहां का रहने वाला है। हम अगर उसका परिचय नहीं पूछें, उसका स्थान भी नहीं पूछें, कि वह कहां का रहने वाला है, यदि केवल वह व्यक्ति अपनी भाषा में बोले तो उससे पता चल जाता है कि यह व्यक्ति फलां जगह का रहने वाला है। हम एक बात जानते हैं, अयं निजः परोवेति गणना लघुचेत्साम्, उदारचरितानाम् तु वसुधैव कुटुम्बकम। जब हम वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करते हैं तो राजस्थान में राजस्थानी बोली जाती है, उसे अपना कहें, हमारे यहां भोजपुरी बोली जाती है, उसको कहें अपना। हमारे यहां मगही बोली जाती है, उसको कहें दूसरा, हम जहां से आते हैं, जहां मैथिली बोली जाती है, उसे कहें दूसरा और फिर

अंगिका भाषा बोली जाती है, उसको कहें दूसरा, एक बिहार में ही कई भाषाएं बोली जाती हैं। हमारे यहां यही विशेषता है कि यहां हर धर्म के लोग, हर भाषा के लोग, हर जाति के लोग, हर रंग के लोग, हर विशेषता के लोग रहते हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम देखते हैं कि हिन्दुस्तान अनेक भाषाओं का देश है। यहां राजस्थानी भाषा बोली जाती है, पंजाबी भाषा बोली जाती है, हरियाणवी भाषा बोली जाती है, ब्रजभाषा बोली जाती है, खड़ी भाषा बोली जाती है, भोजपुरी भाषा बोली जाती है, मैथिली भाषा बोली जाती है, अंगिका भाषा बोली जाती है और कभी कहा जाता है कि साहब ये दिल्ली के लोग हैं, ये दिलयाई भाषा बोलते हैं। हमारे देश में 15-20 कोस पर भाषा और आचार-विचार बदल जाते हैं। यही हमारी विशेषता है, क्योंकि हम अपने हिन्दुस्तान में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं तो वहां के आचार-विचार सीखते हैं, हर तरह की वेशभूषा और रहन-सहन सीखते हैं, शादी के रीति-रिवाज सीखते हैं, संस्कार सीखते हैं। अपने देश में हम सभी चीजों को एक साथ जान पाते हैं, यह हमारे लिए गौरव की बात है। हमारी भाषा अभिव्यक्ति का साधन है। हम भाषा के माध्यम से ही अपनी बात कहते हैं। हम राजस्थानी भाषा को एक महत्वपूर्ण भाषा समझते हैं। इस देश के इतिहास को जानते हुए और इस भाषा के बोलने वालों की संख्या को देश-विदेश में जानते हुए, हम इस भाषा के महत्व को समझते हैं इसलिए मेरा अनुरोध है कि राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कर लिया जाए। यह हमारे लिए गौरव की बात होगी और राजस्थान के लोगों को अपनापन का आभास होगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात को विराम देता हूं। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANGH PRIYA GAUTAM): Now, Shri Ekanath K. Thakur. You have two minutes. So, please confine to your time.

